मंगलवार
01 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



लाठीचार्ज की एसआईटी जांच पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

2



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा।

## हरियाणा के नूह में निकली शोभायात्रा पर पथराव के बाद बवाल

**नई दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में निकली शोभायात्रा पर पथराव के बाद बवाल हो गया। इसके बाद दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष शुरू हो गया। इसमें एक होमगार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद नूंह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। धारा 144 लगाई गई है। एक हजार से ज्यादा पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। लाउडस्पीकर से लगातार लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार हर साल की भांति इस साल भी बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा निकाली गई थी। इसमें गुरुग्राम से भी सैकड़ों गाड़ियों में सवार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भगवान शिव का जलाभिषेक करने नल हड शिव मंदिर मेवात में गए हुए थे। गुरुग्राम विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री यशवंत शेखावत की माने तो- यात्रा जैसे ही शिव मंदिर नल हड पहुंची, उसी दौरान शरारती तत्वों ने यात्रा पर पथराव शुरू कर दिया, कई गाड़ियों में आगजनी और तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले को शांत करने के लिए फायरिंग की। इलाके के हालात तनावपूर्ण है और कई जगह छूटपुट घटनाओं की खबर सामने आ रही हैं।

### दिनदहाड़े वारदातः कुर्जी मोड़ रोड में निलेश मुखिया पर हमला

# पटना में अपराधियों ने भाजपा नेता को मारी पांच गोली, हालत गंभीर

- हर दिन हो रही आपराधिक घटना से कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल
- दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने कार रुकवाकर ताबड़तोड़ की फायरिंग

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना एक बार फिर आपराधिक घटनाओं के कारण अशांत हो गया है। यहां आए दिन हो रही हत्या, लूट, अपहरण, चोरी और छिनतई की घटना ने नीतीश सरकार के सुशासन की पोल खोल दी है। इन घटनाओं से लोगों को पुराना लालू युग याद आने लगा है। ताजा मामला सोमवार की सुबह का है। जब पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के कुर्जी मोड़ रोड में बाइक सवार चार अपराधियों ने कार सवार दबंग माने जानेवाले भाजपा नेता व वार्ड पार्षद के पति निलेश मुखिया को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया। घटना उस वक्त हुई जब वह निलेश कुर्जी मोड़ से साई मंदिर जाने वाले रोड में स्थित अपने कार्यालय के अंदर जाने के लिए कार को टर्न कर रहे थे। टर्निंग के पास ही दो बाइक सवार चार अपराधियों ने घेर कर उनपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें निलेश मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका रूबन हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना के वक्त कुर्जी मोड़ रोड में काफी भीड़ थी, इसके बावजूद अपराधियों ने इसकी परवाह किए बगैर घटना को अंजाम दिया। वर्तमान में निलेश मुखिया की पत्नी सुचित्रा सिंह वार्ड संख्या 22 बी से पार्षद हैं। साथ ही निलेश मुखिया भी भाजपा से जुड़े हुए हैं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस को वहां से पांच खोखे भी बरामद हुए। इस घटना के संबंध में पाटलिपुत्र थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थानेदार एसके शाही ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फूटेज खंगाला जा रहा है। साथ ही परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी किसी का भी नाम सामने नहीं आया है।

### अपराधियों ने रेकी कर घटना को दिया अंजाम, मिले पांच खोखे



सोमवार की सुबह यह घटना 9 बजकर 3 मिनट पर हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दीघा थाना, पाटलिपुत्र और बुद्धा कॉलोनी थाने की पुलिस पहुंच गयी। पुलिस को मौके से पांच खोखा बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। निलेश मुखिया का घर दीघा गेट नंबर 65 पर है और वो हर दिन 9 से 10 के बीच कार्यालय पहुंचते थे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि रेकी कर घटना को अंजाम दिया गया है।

### नीतीश कुमार से अब नहीं संभल पा रहा बिहारः सम्राट चौधरी

घटना के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने अराजक स्थिति में पहुंचा दिया है। इससे बचने के लिए जरुरी है कि बिहार से अब नीतीश कुमार को मुक्ति मिले। क्योंकि अब उनसे एक दिन भी बिहार नहीं संभल पा रहा है। उन्होंने नीलेश मुखिया को गोली मारने की घटना को दुर्भाग्यजनक बताया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि यहां बिजली मांगने पर लोगों पर गोली बरसाई जाती है। नौकरी मांगने पर शिक्षकों पर लाठियां बरसाई जाती है। अब नीतीश कुमार बिहार में तानाशाह की बोली बोल रहे हैं।

## सीएम योगी बोले... ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा

**लखनऊ।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा है कि अगर ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा। भगवान ने जिसको दृष्टि दी है, वो देखे। त्रिशूल इसके अंदर क्या कर रहा है? हमने तो नहीं रखे हैं न। उन्होंने कहा- मुस्लिम समाज को ऐतिहासिक गलती दुरुस्त करनी चाहिए। मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि साहब... ऐतिहासिक गलती हुई है। उस गलती के लिए हम चाहते हैं कि समाधान हो। ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी के ASI सर्वे पर रोक लगा रखी है। अब इस मामले में कोर्ट 3 अगस्त को फैसला सुनाएगा।

**मुसलमानों से कोई गलती नहीं हुईः शफीकुर्रहमान-** वहीं सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने दावा किया है कि मुसलमानों से कोई गलती नहीं हुई और ज्ञानवापी पर कानूनी हक भी उन्हीं का है। उन्होंने आरोप लगाया कि जबरदस्ती ज्ञानवापी को मंदिर बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वहां कोई त्रिशूल नहीं था, न तो ऐसा कुछ मिला है और न ही हम ऐसा मानते हैं।

## लालू यादव परिवार की 6 करोड़ 2 लाख रुपये की संपत्ति अटैच



- ईडी ने बिहटा, महुआबाग, दानापुर के साथ तेजस्वी के दिल्ली स्थित 'डी ब्लॉक' की प्रॉपर्टी को अटैच किया है

**केटी न्यूज/पटना**

आरजेडी प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार को बड़ा झटका लगा है। ईडी ने लालू यादव और उनके परिवार की संपत्ति अटैच किया है। इसमे गाजियाबाद और बिहार की संपत्ति शामिल है। जानकारी के अनुसार, ईडी ने पटना स्थित बिहटा, महुआबाग, दानापुर में संपत्ति को अटैच किया है। इसके अलावा ईडी ने यूपी में लालू यादव की बेटी हेमा यादव की संपत्ति को अटैच किया है। खबर है कि ईडी ने बहुचर्चित तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित 'डी ब्लॉक' वाली प्रॉपर्टी को भी अटैच किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने लालू यादव और उनके परिवार की संपत्ति तीसरी बार अटैच किया है।

बताया जा रहा है कि जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने लालू परिवार पर शिकंजा कसा है। जानकारी के अनुसार, अटैच संतत्तियों की कीमत 6 करोड़ 2 लाख रुपये आंका गया है। हालां कि बाजार मूल्य इससे कई गुना अधिक है। गौरलतब है कि 10 मार्च 2023 को लालू यादव के 15 ठिकानों ईडी ने एक साथ छापेमारी की थी। उस वक्त लालू यादव के रिश्तेदारों के घरों की भी तलाशी ली गई थी। तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित न्यू फ्रेंडस कॉलोनी स्थित बंगले पर ईडी ने छापा मारा था।

जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines
Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team
R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 01 अगस्त 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## एनटीपीसी की बाढ़ प्लांट की चौथी इकाई से उत्पादन शुरू

**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के स्टेज-1 के 660 मेगावाट की दूसरी इकाई से वाणिज्यिक प्रचालन की उद्घोषणा के साथ ही इस प्लांट की चौथी इकाई से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। नतीजन भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तय आवंटन के हिसाब से इस यूनिट से 60 प्रतिशत यानि 396 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति गृह राज्य बिहार को होने लगी है। शेष बिजली झारखंड, ओडिशा और सिक्किम राज्यों को दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बाढ़ स्टेज-1 की पहली इकाई का वाणिज्यिक प्रचालन का लोकार्पण नवंबर 2021 में बिहार के मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार ने केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह की अध्यक्षता में किया था। इससे बिहार को वर्तमान में तय आवंटन के हिसाब से 396 मेगावाट से भी अधिक बिजली की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही कुल अनुमानित 21,000 करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत से बनने वाले बाढ़ संयंत्र की कुल वाणिज्यिक उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट से बढ़कर आज 2640 मेगावाट हो गई है।

### बिहार भाजपा को झटका, पटना हाईकोर्ट में सुनवाई का आदेश

# लाठीचार्ज की एसआईटी जांच पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

◆ कार्यकर्ता की मौत की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी याचिका

**एजेंसी/नई दिल्ली**



बिहार लाठीचार्ज की एसआईटी जांच की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट जाने को कहा। साथ ही पटना हाईकोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई को कहा है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ली। बिहार में 13 जुलाई को बीजेपी के प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पुलिस लाठीचार्ज में हुई कार्यकर्ता विजय सिंह की मौत की सीबीआई या रिटायर जज की अध्यक्षता में एसआईटी की जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था।

बीजेपी प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज मे कार्यकर्ता की मौत के मामले की रिटायर जज की एस आइटी से जांच की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई शुरू हुई तो जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता के वकील महेश जेठमलानी को पटना हाईकोर्ट जाने को कहा। जेठमलानी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने ही इसकी सीबीआई जांच के लिए कहा था। जेठमलानी ने कहा कि घटना के बाद से 30 जुलाई तक मृतक के घर वालों को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट नहीं मुहैया कराई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई को कहा है। कोर्ट ने ये भी कहा कि याचिका में जो मांग की गई है, उसमें हाईकोर्ट भी निर्देश जारी कर सकता है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ली।

### मार्च निकालने पर पुलिस ने किया था लाठीचार्ज

बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर पटना के गांधी मैदान से विधानसभा तक मार्च निकालकर बीजेपी कार्यकताओं को विधानसभा का घेराव करना था। इसी दौरान बीजेपी कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर बिहार के डीजीपी और मुख्य सचिव के खिलाफ सीबीआई द्वारा एफआईआर दर्ज कर जांच की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में बिहार के डीजीपी, मुख्य सचिव बिहार के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम को आरोपी बनाया गया। इस याचिका में मामले को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज या हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा जांच की भी मांग की गई। एक याचिका में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की इस पूरे मामले में भूमिका की जांच की मांग की भी गई।

## मधेपुरा में अपराधियों ने दिनदहाड़े राजद नेता को मारी गोली

**मधेपुरा।** मधेपुरा में अपराधियों ने दिनदहाड़े राजद नेता को गोली मार दी। उनकी हालत गंभीर है। डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मिरागर की है। सोमवार को राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रूद्र नारायण यादव गांव में ही मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी। गोली लगते ही वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। अपराधियों को लगा कि राजद नेता की मौत हो गई। इसके बाद वह फरार हो गए। इधर, घटना के बारे में मुरलीगंज थाना अध्यक्ष राजकिशोर मंडल ने बताया कि राजद नेता रूद्र नारायण यादव रोजाना की तरह आज भी मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी है। गोली लगने से वह घायल हो गए हैं। फिलहाल उनका इलाज जननायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उनपर किसने और क्यों जानलेवा हमला किया इसकी जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी की मदद से अपराधियों की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### दानापुर से बेंगलुरु के बीच एसी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की शुरुआत



**पटना।** रेल प्रशासन ने अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु के बीच दोनों दिशाओं में पांच ट्रिप के लिए एसी सुपरफास्ट वीकली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना,जबलपुर और इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर जाएगी। इसके साथ ही छपरा से चेन्नई के बीच चलने वाली गंगा-कावेरी एक्सप्रेस का सतना, कटनी और जबलपुर रेलवे स्टेशनों पर आगमन और प्रस्थान के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के सीपीआरओ राहुल श्रीवास्तव के मुताबिक गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवी बंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 25 अगस्त 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से चलेगी। अपने प्रारंभिक स्टेशन दानापुर से दोपहर 15:00 बजे प्रस्थान कर ट्रेन अगले दिन सतना 00:13 बजे, जबलपुर 03:05 बजे, इटारसी 07:00 बजे पहुंचेगी. स्पेशल एसी ट्रेन तीसरे दिन 13:00 बजे एसएमवी (बंगलुरु) स्टेशन पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में आरा जंक्शन, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, गुडूर, पेराम्बूर,काटपाड़ी,जोलारपेट्टई एवं बांगरपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

### सीवान में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, हाइवे किनारे एक ट्रॉली बैग से मिला शव, मचा हड़कंप



**सीवान।** बिहार में लगातार प्रॉपर्टी डीलरों को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें पहले मुजफ्फरपुर फिर भागलपुर और अब सीवान में एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या हो गई है। यहां जमीन का कारोबार करनेवाली 60 वर्षीय व्यक्ति का शव ट्रॉली बैग से बरामद किया गया है। ट्रॉली में बरामद शव की पहचान कर ली गई है। उसका नाम हरे कृष्ण तिवारी बताया गया है। वह जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के माधवपुर के रहनेवाले थे। अब हर ओर एक ही चर्चा है कि आखिर बैग में शव डालकर किसने सड़क किनारे छोड़ दिया। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह महराजगंज थाना पोखरा गांव के समीप हाइवे के किनारे एक ट्रॉली बैग देखा गया। आते-जाते लोगों की नजर पड़ी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। लोगों को लगा कि कोई चोर चोरी कर बैग को यहां छोड़ गया है। जब काफी देर तक बैग उसी जगह पड़ा रहा है तो लोगों ने उसे खोलकर देखा। बैग खोलते ही होश उड़ गए। बैग खोलते ही उसमें से वृद्ध का शव मिला।

### बच्चों को ट्रेनिंग देकर मोबाइल चोरी करवाने वाले दो शातिर को पटना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पटना।** बच्चों को ट्रेनिंग देकर मोबाइल चोरी करवाने वाले दो सक्रिय सदस्यों को पटना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र का है। जहाँ थाना के दरोगा श्रीकांत कुमार ने सुचना के आधार पर कार्रवाई कर दो शातिर मोबाइल चोरों के साथ एक नाबालिग को धर दबोचा गया है। पकड़ में आये नाबालिग ने शातिर सोनू महतो और पप्पू रिकयाशी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये तीनो बिहार के भागलपुर के साहेबगंज के महराजपुर निवासी हैं। जिसे सोनू महतो ने पटना में चोरी के सारे गुण गैंग के सरगना गोविन्द महतो ने सीखकर धंधे में लगाया था।

## आदेश... सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम हुई तो अब बीईओ पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सरकारी स्कूलों की व्यवस्था,छात्रों की उपस्थिति में सुधार को लेकर हर दिन नए-नए कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चों की उपस्थिति कम होने पर शिक्षा विभाग ने सभी बीईओ पर कार्रवाई करने के आदेश दे दिए हैं। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। 15 अगस्त के बाद सूबे के किसी भी प्रखंड के प्राथमिक, मध्य,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 50 फीसदी से कम रही तो इसके लिए प्रखंड शिक्षा




पदाधिकारी दोषी माने जाएंगे। तत्काल उनका वेतन स्थगित किया जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ कार्य में लापरवाही, आदेश की अवहेलना करने को लेकर शो-कॉज पूछा जायेगा। इसके बाद आरोप गठित कर विभागीय कार्यवाही संचालित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है।

आदेश में कहा गया है कि सूबे के सभी विद्यालयों में निरीक्षण किया जा रहा है। रिपोर्ट की समीक्षा में यह बात सामने आ रही है कि बच्चों की उपस्थिति में सुधार हो रहा है। फिर भी यह बात सामने आ रही है कि प्रखंड मुख्यालय जहां प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय है, वहीं के अगल-बगल के स्कूलों में 50 फीसदी उपस्थिति नहीं रह रही। यह विभाग के लिए चिंता का विषय है।

## गया के सांसद विजय मांझी के बेटे की मौत

**गया।** गया के सांसद विजय कुमार मांझी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बीती रात जदयू सांसद के 40 वर्षीय बेटे राजेश कुमार की मौत हो गई। बताया गया कि एक हादसे में राजेश कुमार सिर के बल गिर गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के आईजीआईएमएस में इलाज के लिए भर्ती किया गया था, जहां ब्रेन हेमरेज के कारण उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजेश कुमार अपने सांसद पिता विजय कुमार मांझी के कई कामों में मदद करते थे। घर के कई कामों का जिम्मा भी उन्हीं के कंधों पर था। वहीं सामाजिक कामों में भी वह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। मिलनसार प्रवृत्ति के राजेश कुमार की ब्रेन हेमरेज से मौत होने के बाद लोग सन्न हैं।

## पटना से अपहृत दो साल के बच्चे को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

◆ सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी अनुसंधान के जरिए पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन

**केटी न्यूज/पटना**

पटना जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र से अपहृत 2 साल के अंकुश को पुलिस ने चार दिनों बाद सकुशल बरामद कर लिया है। अपहृत अंकुश को पुलिस ने वैशाली जिले से बरामद किया है। मामले में सिटी ए एसपी एस ए सारथ ने बताया कि 4 दिन पहले बहादुरपुर की रहनेवाली सोनी देवी द्वारा पुलिस को एक प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें कहा गया कि उनके घर में राजमिस्त्री का काम कर रहे विजय साहनी, सुबोध पासवान ने उनके 2 वर्षीय पुत्र अंकुश को घर से उठाकर लेकर चले गए और वैशाली में उस बच्चे को एक लाख में किसी महिला से बेच दिया है।

एएसपी एस ए सारथ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए पुलिस कांड का उद्भेदन करने में सफल रही। इसके लिए एक पुलिस की टीम गठित की गई थी। जिसकी अगवानी सिटी एसपी खुद कर रहे थे। इस मामले में लाइनर सहित करीब 5 लोगों की गिरफ्तारी पुलिस ने की है। अपहृत किए गए बच्चे अंकुश को पुलिस ने बरामद कर लिया है।



## खबरें फटाफट

### कांवर यात्रा में डीजे बजाने को लेकर भिड़ गए दो पक्ष

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित नावाडेरा गांव के समीप कांवरियों की सेवा कर रहे सेवकों से डीजे बजाने वाले युवकों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें तीन सेवक चोटिल हो गये। अन्य लोगों के बीच-बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ। इस मामले में नावाडेरा गांव के रहने वाले रमेश सिंह ने 12 युवकों के खिलाफ ओपी थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि नावाडेरा गांव के समीप शिविर लगाकर मेरे लड़को के साथ अन्य युवक कांवरियों की सेवा कर रहे थे। इसी दौरान पिकअप पर डीजे लेकर शिवजी यादव, पंकज, मनोज, विकास सहित 12 युवक पिकअप को खड़ा कर वहीं पर डीजे बजाने लगे। शिविर में कई महिलाएं और अन्य लोग बैठे थे। कांवरियां सेवा के सदस्य एवं मेरे पुत्र विकास ने डीजे को बंद करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मारपीट शुरू हो गया, जिसमें एक पक्ष के तीन युवक जख्मी हो गये।

### अपहरण कांड के फरार अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस ने किरनी गांव से युवती अपहरण कांड का फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त गांव के प्रेमचंद कुमार काफी दिनों से फरार चल रहा था। बताया जाता है कि पूर्व में गिरफ्तार युवक ने शादी की नीयत से युवती का अपहरण किया था। जिसकी शिकायत युवती के परिजनों ने नावानगर थाना में की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था। पर अपहरणकर्ता फरार हो गया था। रविवार की देर शाम गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### राजपुर थाना क्षेत्र के कुसरूपा गांव और महादेवा घाट की घटना

# गंगा नदी और तालाब में डूबने से किशोर व युवती की मौत, मातम

- मृतकों में केशव प्रसाद की बेटी फुलकुमारी व न्यायीपुर के गांधी राम का बेटा पवन शामिल

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में अलग-अलग जगहों पर एक युवती और एक किशोर के डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पहली घटना राजपुर थाना क्षेत्र के कुसरूपा गांव की है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम गांव के तालाब में डूबने से केशव प्रसाद राम की 22 वर्षीय पुत्री फुल कुमारी की मौत हो गई है। सोमवार को सुबह उसका शव तालाब में उपलाया मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद राजपुर थाने को भी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। आशंका जताई जा रही है कि युवती शाम में शौच के लिए तालाब के पास गई होगी तथा पैर फिसलने के कारण वह तालाब में गिर गई होगी। हालांकि रात में परिजनों द्वारा युवती के गायब होने की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। राजपुर थाना अध्यक्ष राजेश मालाकार ने इसकी पुष्टि की है। अभी तक परिजनों द्वारा एफआईआर भी दर्ज नहीं कराया गया है।

### महादेवा घाट पर नहाने के दौरान डूबा किशोर

वहीं दूसरी तरफ सोमवार को चौसा के महादेवाघाट पर अपने दोस्त के साथ गंगा स्नान करने आया एक किशोर डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार, चौसा बीडीओ अशोक कुमार तथा सीओ वृज बिहारी कुमार मौके पर पहुंचे। ग्रामीण गोताखोरों द्वारा 2 घंटे के मशक्कत के बाद शव को पानी से निकाला गया। मृतक न्यायीपुर के गांधी राम का 14 वर्षीय पुत्र पवन राम है। बताया जाता है कि वह घर से स्कूल जाने की बात कह निकला था। लेकिन अपने एक अन्य दोस्त के साथ गंगा स्नान करने महादेवा घाट पहुंच गया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले चौसा के कीर्तपुरा में एक युवक तथा दो किशोर समेत कुल तीन लड़के डूब गए थे। चौसा सीओ वृज बिहारी कुमार ने कहा कि पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के डीएस कोठी रोड में हुए एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी एक शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत हो गई है, जबकि उसका पति पटना के आईजीआईएमएस में जीवन व मौत से जूझ रहा है। घटना सोमवार सुबह 7.30 बजे की है। मृत शिक्षिका भोजपुर जिले के आरा निवासी नईम अंसारी की पत्नी रूमायशा परवीन के रूप में हुई है। वह जगदीशपुर प्रखंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय मसूढ़ी में शिक्षिका थी। जानकारी के अनुसार वह डुमरांव के शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रशिक्षण लेने के लिए हर दिन अपने पति के साथ बाइक से डुमरांव आती थी। सोमवार को भी वह डायट में जाने के लिए घर से निकली थी। महाराजा कोठी के पास एनएच 922 को छोड़ उसका पति डीएस कोठी रोड से डुमरांव आ रहा था। इसी दौरान एसडीओ आवास के पास एक तेज रफ्तार पिकअप से बचने के प्रयास में उसकी बाइक स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित हो पलट गई। जिसमें दंपति को गहरी चोटें आई तथा दोनों खून से लथपथ हो गए। जानकारों की मानें तो शिक्षका सर में गंभीर चोट लगने की वजह से कोमा में चली गई थी।

### आशा कार्यकताओं ने रोका कुष्ठ रोगी खोज अभियान

**केसठ।** विगत 12 जुलाई से पूरे प्रखंड की आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर डटी हुई हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने से टीकाकरण समेत कई अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी बाधित हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को हर घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान को आशा कार्यकर्ता ने रोक दिया। आशा कार्यकताओं से मिली जानकारी के अनुसार उनका कहना है कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है, तब तक की स्वास्थ्य विभाग की कोई भी अभियान संचालित नहीं होने देंगे। मौके पर कुसुम लता, रिंकू, धान मुनि, तारामुनी देवी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

## गोलीबारी की घटना के बाद आथर गांव में तनाव व्याप्त

- दो को हिरासत में लेकर जांच में जुटी पुलिस
- पटना के एक अस्पताल में चल रहा जख्मी का इलाज, स्थिति गंभीर

**केटी न्यूज/नावानगर**

रविवार की रात वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के आथर गांव में जमीन विवाद में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के एक युवक को गोली मार जख्मी कर दिया गया था। घटना के दूसरे दिन भी जहां जख्मी हीरालाल यादव की हालत नाजुक बनी हुई है वही इस घटना को ले गांव में तनाव व्याप्त है। पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। स्थिति नियंत्रण में है लेकिन तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। वही जख्मी का इलाज पटना के किसी अस्पताल में करवाया जा रहा है जहां उसकी हालत नाजूक बनी हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरे पक्ष के दो लोगों को हिरासत में ले उनसे पूछताछ कर रही है। बता दें कि रविवार की रात हीरालाल को उसके गोतिया के भतीजा सुनील यादव ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिल गोली मार जख्मी कर दिया था। यह विवाद मात्र साढ़ छह कट्ठा जमीन के लिए चल रहा था। मामूली जमीन के लिए भतीजे द्वारा चाचा को गोली मारे जाने की घटना से गांव में तनाव व्याप्त है। वही इस घटना ने 24 मई को इसी गांव में हुए शिक्षिका कविता देवी हत्याकांड की यादें ताजा कर दी है। उसकी हत्या भी जमीन विवाद में ही सगे भाई द्वारा की गई थी।

**बाहर से आए थे हमलावार, शाम से ही चल रहा था विवाद:** जानकारी के अनुसार हीरालाल व सुनील यादव के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। मामला कोर्ट तक पहुंचा था तथा हीरालाल ने शनिवार को ही उस पर नोटिश करवाया था। इसी बात को ले रविवार को दोनों पक्षों के बीच पूरे दिन रूक रूक कर विवाद होते रहा। शाम में भी एक बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडा लेकर भिड़े थे। लेकिन ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया था। इसी दौरान सुनील ने फोन कर अपने कुछ रिश्तेदारों को बुला लिया था। बताया जाता है कि उसके बुलाने पर तीन बाइक पर कुल छह लोग आए थे। संभवतः उन्हीं लोगों द्वारा गोली मारी गई है। पुलिस ने मौके से एक बाक भी बरामद किया है।

### क्या कहते हैं एसडीपीओ

दोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने रविवार को हिंसक रूख अख्तियार कर लिया। जिसमें पहले लाठी डंडे से मारपीट हुई। बाद में एक पक्ष द्वारा गोली चलाया गया। गोली लगने से हीरालाल यादव जख्मी हुआ है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

**– अफाक अख्तर अंसारी**
**एसडीपीओ, डुमरांव**

## एक नजर

### नीतीश कुमार के प्रति समर्पित है कुशवाहा समाज: श्रीभगवान सिंह कुशवाहा



**डुमरांव।** कुशवाहा समाज की आस्था मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति है। पूरे बिहार के कुशवाहा समाज के लोग मुख्यमंत्री के साथ खड़े है। उक्त बातें सोमवार को कुशवाहा राजनीतिक चेतना मंच के शाहाबाद प्रभारी तथा पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने कही। वे डुमरांव के एक निजी लॉज में कुशवाहा राजनीतिक चेतना मंच के बैनर तले आयोजित एकजुटता कार्यक्रम में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज नीतीश कुमार के प्रति संगठित है। यही नहीं इस समाज का जदयू के प्रति आस्था भी जुड़ा है। लेकिन कुशवाहा समाज में राजनीतिक चेतना का अभाव आज भी है। सामाजिक एवं राजनीतिक तौर पर इसे भी जगह की आवश्यकता है। वही मोदी सरकार पर तंज कसते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि यह सरकार कुशवाहा को दरकिनार कर रही है। हमलोगों के जाति के ही सम्राट अशोक थे। जिनका प्रतीक चिन्ह हटाकर सगोल का चिन्ह भाजपा सरकार ने लगाया है। जिसका मतलब यह है कि यह सरकार राजतंत्र को जन्म दे रही है। वही मणिपुर की घटना पर उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि जिस प्रकार से वहां महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार एवं अत्याचार किया गया है। उससे भाजपा सरकार की घृणित मानसिकता परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लगाती है लेकिन अपने ही नारे में यहां सरकार उलझ कर रह गई है। उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा का चुनाव है इसको लेकर केंद्र की भाजपा सरकार दंगा की आग भड़का अपना राजनीति रोटी सेंकने का काम करेगी। संचालन वीरेंद्र कुशवाहा ने किया। इस दौरान धर्मेंद्र कुशवाहा, छोटू कुशवाहा, धनजी कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, हरेंद्र कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, दीनानाथ कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे।

### दसियांव के लिटिल स्टार आर्यन बाबू को मिला बेस्ट चाइल्ड सिंगर का अवार्ड



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के आरडीपी पब्लिक स्कूल के चतुर्थ वर्ग के छात्र व नन्हें अभिनेता सह गायक लिटिल स्टार आर्यन बाबू को भोजपुरी ग्रीन सितारा एल्बम में आवार्ड में बेस्ट चाइल्ड सिंगर का अवार्ड मिला है। इस आवार्ड को पा आर्यन ने भोजपुरी गायकी जगत में एक अलग इतिहास बनाया है। ज्ञात हो कि आर्यन बाबू को इससे पहले सरस सलिल के द्वारा और भोजपुरी सिनेमा के द्वारा बेस्ट चाइल्ड एक्टर अवार्ड मिल चुका है। लेकिन इस बार ग्रीन सिनेमा के वार्ड के संयोजक विजय कुमार पांडेय के द्वारा पहली बार एल्बम अवार्ड शो का आयोजन बाबा विश्वनाथ की धरती वाराणसी में किया गया था। जिसमें भोजपुरी जगत के हर कलाकारों को और टेक्नीशियन को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन में भोजपुरी के जाने-माने प्रोड्यूसर रत्नाकर कुमार का भरपूर सहयोग रहा।



# सावन की चौथी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सावन की चौथी सोमवारी पर डुमरांव के जंगलीनाथ महादेव मंदिर, महरौरा शिव मंदिर, महाकाल मंदिर, लंगटु महादेव मंदिर, शहीद पार्क शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अधिमास की दूसरी सोमवारी में हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे और ओं नमः शिवाय से शिवालय गूंज उठे। पूरे दिन भक्त आराध्य देव की पूजा में लीन रहे। कहीं महारुद्राभिषेक तो कहीं जलाभिषेक हो रहा था। सभी शिवालयों को सुबह से ही भक्तों के लिए खोल दिया गया था।

मान्यता है कि पूरे सावन माह बाबा भोलेनाथ धरती पर रहते हैं। शिवलिंग पर जल और बेलपत्र चढ़ाने से बाबा प्रसन्न होते हैं। मंदिरों के अलावा घरों में भी भक्तों ने भोलेनाथ की पूजा



अर्चना की। दिन भर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अहले सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे। शिवभक्तों ने गंगाजल, दूध, चंदन, बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, शहद, फल और प्रसाद अर्पित कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने परिक्रमा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। जलाभिषेक के लिए शहर से लेकर गांव तक के शिव मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली। भक्तों ने भगवान शिव का दूध व जल से अभिषेक कर मंगलकामना की।

### बोल बम के उद्घोष गूंजता रहा ब्रह्मपुरधाम

वहीं दूसरी तरफ अनुमंडल के ब्रह्मपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर में सावन के चौथे व अधिमास के दूसरे सोमवारी पर 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुबह तीन बजे से ही मंदिर के पट खोल दिए गए थे। इसी समय से कांवरियों का जत्था मंदिर आने शुरू हो गए थे। सुबह के 10 बजे तक मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान प्रशासन की व्यवस्था भी काबिले तारीफ रही। मंदिर के साथ ही ड्राप गेट व पार्किंग स्थल पर दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। वही मंदिर में बड़ी संख्या में महिला व पुरूष सिपाही भी मुश्तैदी से अपनी ड्यूटि करते रहे।

## बीईओ देंगे शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं होने का प्रमाण पत्र

**बक्सर।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन के लक्ष्य में सबसे बड़ी बाधा शिक्षकों के गैर शैक्षणिक कार्य में लगना बताया जाता है। लंबे समय से कई शिक्षक विद्यालय छोड़ विभिन्न दफ्तरों में गैर शैक्षिणक कार्यों को संपादित करते रहे है। लेकिन अब शिक्षा विभाग उनसे सिर्फ शैक्षणिक कार्य ही लेगा। यही नहीं बल्कि प्रखंडो के बीईओ को यह प्रमाण पत्र देना है कि शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगे है। शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने पत्र जारी कर सभी बीईओ को यह निर्देश दिया है। बीईओ को निर्धारित प्रपत्र में यह जानकारी डीईओ के माध्यम से निदेशक को देनी है। जानकारी के अनुसार प्रखंडों के बीईओ से इस आशय का शपथ पत्र निर्धारित प्रपत्र में लेने को कहा गया है। इसको लेकर निदेशक प्राथमिक शिक्षा पटना ने डीईओ को पत्र निर्गत किया है। जिसमें कहा गया है कि शिक्षक प्रखंडों, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय किसी भी कार्यालय में प्रतिनियुक्त नहीं है। इस पत्र के जारी होने के बाद वैसे शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ गई है, जो वर्षों से स्कूल छोड़ प्रखंड, अनुमंडल या अन्य दूसरे कार्यालयों में प्रतिनियोजन पर जमे हैं।

### नया भोजपुर ओपी क्षेत्र के गोपाल डेरा का मामला

# शराब के लिए पुलिस ने की छापेमारी, मिला फ्रूट बीयर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार की देर रात नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपाल डेरा में बनाए गए वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट में भारी मात्रा में शराब स्टोर किए जाने की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान उस कचरा प्रबंधन इकाई से पुलिस को नॉन अल्कोहल फ्रूट बीयर की करीब दो से ढाई हजार बोतलें मिलीं। पुलिस उसे शराब समझ जब्त कर ली। इसके बाद एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के निर्देश पर मद्य निषेध विभाग की टीम ने उसकी जांच की तो पता चला कि यह शराब नहीं बल्कि फ्रूट बीयर है। जिसमें अल्कोहल की मात्रा नहीं होती है तथा इसे कोई भी कोल्ड ड्रिंक्स विक्रेता अपनी दुकान पर बेच सकता है। तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

बाद में पुलिस को जानकारी हुई कि यह फ्रूट बीयर प्रतापसागर के दुकानदार विजय कुमार की है। पुलिस ने पुष्टि के बाद दुकानदार को उसकी फ्रूट बीयर लौटा दी। इस घटना को ले पुलिस घंटो हलकान रही। जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओपी पुलिस को सूचना मिली थी कि गोपाल डेरा के पास बनाए गए कचरा प्रबंधन इकाई में किसी ने भारी मात्रा में शराब छिपाकर रखी है। इस सूचना पर रात पौने दस बजे पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई थी।

### बड़ा सवाल... आखिर किसके कहने पर दुकानदार ने वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट को बना दिया था गोदाम

बता दें कि लोहिया बिहार स्वच्छता अभियान के दूसरे फेज में पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कचरा प्रबंधन इकाई स्थापित किए जा रहे है। ताकी डोर–टू–डोर कचरा उठवा के बाद उसका समुचित निस्तारण किया जा सके। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर उसे इसकी चाबी किसने दी थी तथा वह किसके इशारे पर सरकारी राशि से बने वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का दुरूपयोग हो रहा था।

### क्या कहते हैं एसडीपीओ

गेपाल डेरा के वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट में भारी मात्रा में शराब रखे जाने की सूचना पर छापेमारी करवाई गई। उसमें दो से ढाई हजार बोतल नॉन अल्कोहल फूट बीयर मिला। जांच के बाद उसे दुकानदार को लौटा दिया गया है।

**– अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**






## एमडीए को लेकर अंतिम चरण में है सभी प्रखंडों में अभियान को लेकर तैयारी

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा एमडीए अभियान

- 13 प्रखंडों में एक प्रतिशत से अधिक पाया गया माइक्रो फाइलेरिया रेट

**केटी न्यूज/आरा**




फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिले में 10 अगस्त को शुरू होने सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को लेकर अटकलें समाप्त हो गई हैं। एमडीए अभियान को लेकर नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) की रिपोर्ट जारी होते ही अभियान को लेकर प्रचार प्रसार तेज कर दिया गया है। एनबीएस की रिपोर्ट के अनुसार जिले के जगदीशपुर और तरारी प्रखंड में माइक्रो फाइलेरिया रेट एक प्रतिशत से कम मिला। शेष प्रखंडों में माइक्रो फाइलेरिया दर एक प्रतिशत से अधिक पाया गया। उसके बावजूद जिले के सभी प्रखंडों में एमडीए अभियान चलाया जाना है।

इसके लिए फाइलेरिया विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह अपर निदेशक डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा को पत्र भेजकर इस संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। जिसके बाद जिला स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एसीएमओ डॉ. सिन्हा लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ताकि, किसी भी स्तर से कोई कमी न होने पाए। वहीं, दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों द्वारा एमडीए के लिए चयनित प्रखंडों में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार और जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

**डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए भी लोगों को किया जाएगा जागरूक :** एसीएमओ डॉ. सिन्हा ने बताया, आगामी 10 अगस्त से प्रारम्भ होने वाले फाइलेरिया सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम हेतु घर-घर जाकर दवा खिलाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान लोगों को डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए भी जागरूक किया जाएगा। इसके लिए एमडीए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सुझाव दिए जाएंगे। लोगों को बताया जाएगा कि घर के अंदर टूटे फूटे बर्तन, कूलर, एसी, फ्रिज के पानी निकासी ट्रे, पानी टंकी के साथ घर के अंदर एवं अगल-बगल में पानी जमा न होने दें। यदि पानी जमा है तो पानी को गिरा दें। जमा पानी में मिट्टी का तेल, डीजल या कीटनाशक दवा डालें। गमला, फूलदान इत्यादि का पानी हर दूसरे दिन बदलें।

### एमएफ रेट के तहत 13 प्रखंडों में चलता एमडीए

एसीएमओ डॉ. सिन्हा ने बताया, केंद्र सरकार के गाइडलाइन के अनुसार जिन प्रखंडों में माइक्रो फाइलेरिया रेट एक प्रतिशत से अधिक होता सिर्फ उन्हीं प्रखंडों में एमडीए चलाया जाना था। उसके बावजूद सभी प्रखंडों में एमडीए अभियान की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि एनबीएस के लिए सभी प्रखंडों में दो-दो साइट्स बनाए गए थे। जिसमें एक रैंडम और एक सेंटिनल साइट का चयन किया गया था। जिन पर 300-300 सैंपल लिए गए। साथ ही, लिए गए सैंपल्स की जांच के बाद वहां एमएफ रेट निकाला गया। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान लोगों को अल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जाएगी। सभी प्रखंडों में लक्षित लाभुकों की संख्या को देखते हुए दवाओं का स्टॉक उपलब्ध कराया जा रहा है।

## प्रसव के बाद तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत, इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के लहठान गांव निवासी सीआरपीएफ जवान की पत्नी की पीरो स्थिति प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के बाद मौत हो गयी। प्रसव के बाद स्थिति बिगड़ने पर महिला को रेफर कर दिया गया था। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृत महिला लहठान गांव निवासी सीआरपीएफ जवान आनंद कुमार की पत्नी सीमा कुमारी थी।

सीआरपीएफ जवान के पिता बबन राम ने बताया कि उनकी बहू सीमा कुमारी का प्रसव होने वाला था। रविवार की सुबह उसे पीरो बाजार स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सक ने ऑपरेशन करने की सलाह दी गयी। शाम करीब छह बजे उसका ऑपरेशन किया गया। तब उसे लड़की हुई। बच्ची बिल्कुल ठीक है। उनकी बहू सीमा कुमारी को भी थोड़ा होश आया था। उसके बाद रात करीब 12 बजे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिसे देख उन्होंने रेफर करने की मांग की, लेकिन चिकित्सक और कंपाउंडर ने कहा कि सब ठीक हो जाएगा। बाद में स्थिति काफी बिगड़ गयी, तो रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर गांव आये। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। बबन राम ने पुलिस को दिए अपने बयान में पीरो बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सक और कंपाउंडर पर इलाज में लापरवाही बरतने के कारण अपनी बहू की मौत होने का आरोप लगाया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शौच करने जा रही महिला की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनी टोला स्थित राइस मिल के पास सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन ने महिला को रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

मृतका नारायणपुर गांव निवासी जुदागी साव की पत्नी फुलकेशरी देवी बतायी जा रही है। घटना के संबंध में मृतका के पति जुदागी साव ने बताया कि उनकी पत्नी शौच के लिए बधार की ओर जा रही थी। इसी दौरान जमुनी टोला स्थित राइस मिल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने उनको सूचना दी। सूचना मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं, थोड़ी देर में ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। सूचना मिलने पर अगिआंव विधायक मनोज मंजिल सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली??। परिजनों को ढांढस बंधवाया। बताया जा रहा है कि महिला को पुत्र राकेश, राजेश और पुत्री बेबी कुमारी है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। वही इस हादसे के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया पौधरोपण

जहानाबाद। ज़िला स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर ज़िला प्रशासन द्वारा जल - जीवन - हरियाली अभियान अंतर्गत मनरेगा से 75 ग्राम पंचायतों में 18400 फलदार, लकड़ीनुमा एवं औषधीय पौधे लगाये गये। इस दौरान जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन, डीएम रिची पाण्डेय एवं उप विकास आयुक्त परितोष कुमार न सदर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सेवनन में अमृत सरोवर के पिंड पर पौधारोपण किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए एवं डीपीओ मनरेगा तथा पीओ जहानाबाद के द्वारा भी पौधारोपण किया गया। डीएम ने बताया कि जलवायु परिवर्तन एवं वर्षा चक्र के संतुलन हेतु सघन पौधारोपण ही एक मात्र उपाय है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में ज़िला अंतर्गत कुल 358000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें मनरेगा से 176000, कृषि वानिकी से 5700, जीविका द्वारा 125000, जिला उद्यान द्वारा 30000 पौधे लगाए जायेंगे।

## जातीय जनगणना की मांग ले युवा राजद ने की बैठक

**जहानाबाद।** भारत सरकार से जातीय जनगणना की मांग, युवा राजद संगठन एवं नई शिक्षा नीति व बेकाबू मंहगाई को लेकर सोमवार को होटल राजगृह में युवा राजद की बैठक आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव का कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत से गद्गद् प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि युवा संगठन की रीढ़ हैं। आज जब फासीवादी सामंती ताकतें देश के वातावरण को दूषित करना चाहती है, ऐसे में युवाओं को सामने आकर प्रतिरोध करने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि आने वाले 2024 और 2025 के चुनाव में युवा राजद की अहम भागीदारी रहनी है, इसलिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाना चाहिए।













# 29 लाख का कार्य, 17 लाख भुगतान के बाद भी नहीं दिखता काम

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर पंचायत चितबड़ागांव में पूर्व के नगर पंचायत अध्यक्ष पर कोर्ट का डंडा चला और नगर पंचायत का सभी दायित्व अधिशासी अधिकारी के कंधे पर रहा। अधिशासी अधिकारी ने इस दायित्व का निर्वहन भी किया पर उसका परिणाम लोगों को अब दिख और समझ में आ रहा है। विकास के नाम पर लूट खसोट का आलम चरम पर है। एक एक कर मामलों की कलई खुल रही है।

नगर पंचायत चितबड़ागांव में स्थित शिक्षा क्षेत्र सोहांव के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कैंपस कायाकल्प के नाम पर 31 दिसंबर 2021 में 29 लाख 40 हजार 100 रुपये का टेंडर जारी हुआ। चार जनवरी 2022 को टेंडर खुला भी और एक फर्म को वह कार्य भी मिला। कार्य होते होते एक वर्ष से

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कैंपस के जीर्णोद्धार के नाम पर लाखों की लूट



अधिक समय बीत भी गया। फर्म को 17 लाख का भुगतान नगर पंचायत ने किया, पर कार्य परिसर में कुछ दिखाई नहीं देता। कैंपस कायाकल्प के नाम पर कार्य था पर परिसर के मुख्य द्वार पर पानी है। बच्चियों और अध्यापकों को पानी से होकर परिसर में जाना मजबूरी बन गया है। नगर पंचायत चितबड़ागांव के 17 लाख कहां खर्च हुए हैं इसके भगवान ही मालिक हैं। इसको लेकर लोग अब तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं। अब देखा जाए अधिकारियों की नजर इस घोटाले पर कब इनायत होती है। उधर इस संबंध में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के प्रधानाध्यापक का कहना है कि हमारे परिसर में एक रुपये का कार्य भी नहीं हुआ है। बाकी हम कुछ नहीं जानते।

### यूडीआई कार्ड जारी करने में पाई लापरवाही, सुधार लाने की दी चेतावनी

# डीएम ने दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी व सीएमओ को फटकारा

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सोमवार को जिला दिव्यांगता समिति व लोकल लेवल कमेटी की बैठक विकास भवन सभागार में की। उन्होंने विभागीय कार्यों के प्रति लाारवाही बरतने पर दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम को सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि शीघ्र योजनाओं की प्रगति में सुधार लाएं, अन्यथा शासन स्तर पर पत्र भेज कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाएगी। दिव्यांगों को यूडीआई कार्ड जारी करने की प्रगति खराब मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ डॉ जयंत कुमार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रिजेक्ट आवेदनों का कारण सम्बन्धी स्पष्टीकरण तलब किया। दिव्यांग जन पुनर्वास केंद्र शीघ्र क्रियाशील कराने का भी निर्देश दिया गया। रेडक्रास सोसाइटी को भी लोकर स्तर पर क्रियाशील रहने की बात कही।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक दिव्यांग को जारी होने वाले यूडीआईडी कार्ड से सम्बन्धित कार्यवाही की समीक्षा की तो पाया कि अधिकांश आवेदन रिजेक्ट कर दिये गये हैं। इस पर वे बेहद नाराज हुए और सीएमओ से रिजेक्ट करने का कारण पूछा।



सीएमओ भी इसका सही सटीक जवाब नहीं दे पाये। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किन परिस्थितियों में आवेदन रिजेक्ट हुए, इसका कारण सहित स्पष्टीकरण दें। साथ ही शत प्रतिशत दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड तेजी से बनवाया जाए, इसके प्रति दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी व सीएमओ को गंभीर हो जाने की चेतावनी दी। कहा कि कैम्प लगाएं तो वहां की पूरी व्यवस्था सुदृढ़ रखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस आदि के दिन भी तहसील पर कैंप लगवाकर यूडीआईडी कार्ड बनवाएं। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ डॉ जयंत कुमार, डीपीओ केएम पाण्डेय, वरिष्ठ लिपिक सुशील तिवारी सहित अन्य अधिकारी थे।

**खाद्य सामग्री के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं:** जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के योजनावार कार्य की समीक्षा की। इस दौरान प्रवर्तन कार्य में लापरवाही मिलने पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि फील्ड में लगातार निकलकर प्रवर्तन कार्य करें। आम जन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जा सके, इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस महीने की गयी कार्यवाही की भी समीक्षा की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेदप्रकाश से उनके कार्य सम्बन्धी पूछताछ की। इस महीने सिर्फ चार दिन निरीक्षण करने की जानकारी मिलने पर नाराज जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्य बढ़ाने की चेतावनी दी।

### ड्रग इन्स्पेक्टर को भी लगाई फटकार

दवा की दुकानों पर छापेमारी से सम्बन्धित अभियान के बारे में ड्रग इन्स्पेक्टर सिद्धेश्वर शुक्ला से जानकारी ली। छापेमारी के बाद कई प्रकरण में अनावश्यक विवेचना में देरी करने व परिवाद दाखिल नहीं होने का कारण पूछा तो ड्रग इन्स्पेक्टर के पास कोई जवाब नहीं था। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई। चेतावनी दी कि फील्ड में निकलकर काम करें। नमूने की जांच के बाद गड़बड़ी मिलती है तो मुकदमा दर्ज कराने के बाद विवेचना भी तेजी से करें। परिवाद दाखिल करने में विलम्ब होता है तो यह ठीक नहीं है। अगले महीने सुधार नहीं दिखने की स्थिति म कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ डॉ जयंत कुमार, डीपीओ केएम पांडेय व अन्य अधिकारी थे।

## चोरी की बोलेरो के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की बोलेरो के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के आदेश के अनुपालन में अपराध नियंत्रण व वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा मो. फहीम कुरैशी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को थाना रसड़ा पुलिस टीम को यह सफलता मिली है। रसड़ा कोतवाली के उपनिरीक्षक अमरजीत यादव मय हमराह फोर्स सिगही चट्टी पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसबीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बोलेरो सफेद रंग की राघोपुर नगरा की तरफ से आ रहा है, जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। पुलिस ने राघोपुर चट्टी की घेराबंदी कर दी। इसबीच एक संदिग्ध बोलेरो आती हुई दिखी, जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो चालक बोलेरो लेकर भागने लगे। पुलिस ने किसी तरह पीछा कर चालक सहित बोलेरो को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम सरवत हफीज बताया। तत्पश्चात गाड़ी को चेक किया गया तो बिना नम्बर प्लेट की तथा चेचिस नम्बर खुरचा हुआ मिला। कड़ाई से पूछताछ पर बताया कि यह गाड़ी चोरी की है।







## सांप ने साथी को मारने वाले युवक को डंसा

**बलिया।** सिर्फ इंसान ही बदला नहीं लेता है समय-समय पर जानवर जंतु भी बदले की भावना रखते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ जगदेवा ढाही गांव में। युवक ने सांप को मारा तो उसके साथी ने तीन घंटे के अंदर ही युवक को डंस लिया। परिजनों ने डंसने वाले सांप को भी मार डाला और युवक को लेकर सोनबरसा अस्पताल पहुंच गए। हालांकि समय पर इलाज के कारण युवक जान बच गई। बैरिया थाना क्षेत्र के जगदेवा ढाही गांव नविासी कृष्ण कुमार यादव का बेटा इंद्रजीत यादव शनिवार की रात अपने कमरे में बिस्तर पर सो रहा था तभी उसके कमरे में एक करैत सांप दिखा जिसे इंद्रजीत ने डंडे से मार डाला और मरे सांप को अपने कमरे में ही छोड़कर सो गया। रविवार की सुबह दूसरे सांप ने उसे बिस्तर पर चढ़कर डंस लिया। युवक के चीखने चिल्लाने पर उसके कमरे में घर के अन्य सदस्य आये और डसने वाले सांप को भी मार डाला और तत्काल मरे हुए सांप और इंद्रजीत को लेकर सोनबरसा अस्पताल पहुंच गए। जहां लगभग चार घंटे की इलाज के बाद इंद्रजीत स्वस्थ होकर घर लौट गया।

# बरछी से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**केटी न्यूज/बलिया**

छज्जे के नीचे दीवार जोड़ने की बात को लेकर सुल्तानपुर में पंचायत के दौरान एक पक्ष पर जानलेवा हमला करने वाले दो अभियुक्तों को बांसडीह कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार रविवार को बांसडीह कोतवाली पर वादी अजीत कुमार सिंह ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि रविवार की सुबह सुल्तानपुर में अखिलेश बिन्द उर्फ छवांगुर व राजेश बिन्द की पंचायत में गया हुआ था, जिसमें बातचीत के दौरान अखिलेश बिन्द व रमेश बिन्द के द्वारा जान से मारने की नियत से मुझ पर बरछी से हमला कर दिया।

जिससे बरछी मेरे दाहिने कमर पर लगी और मै घायल हो गया व बीच बचाव करने आए मोहन बिन्द व राजेश बिन्द की पत्नी को लाठी व दांत से काट कर घायल कर दिए और गाली देते हुए मौके से भाग गए। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बासंडीह द्वारा तत्काल तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल में जुट गये। बांसडीह पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को



सुल्तानपुर चट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 बरछी बरामद किया गया। अभियुक्तों न बताया कि हमारे पट्टीदार राजेश बिन्द से मकान में पूर्व से निकले छज्जे के नीचे दीवार जोड़ने की बात को लेकर विवाद था। जिसमें ग्राम सुल्तानपुर में ही दोनों पक्ष आपस में पंचायत कर रहे थे। पंचायत में अजीत कुमार सिंह विपक्षी के पक्ष में बात कर रहे थे। जिसके कारण हम लोगों ने बरछी से अजीत कुमार सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

### बलिया के जिलाधिकारी ने गोपालनगर में कटान के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# सरयू किनारे बसे लोग शरणालय में होंगे शिफ्ट

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को बैरिया तहसील क्षेत्र के गोपालनगर तारीख में सरयू नदी से हो रहे कटान का जायजा लिया। उन्होंने कटान रोकने के लिए हो रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता संजय मिश्रा से बचाव कार्य से जुड़ी जानकारी ली। तटवर्ती लोगों को भरोसा दिलाया कि हर परिस्थिति में प्रशासन आपके साथ हैं। जिलाधिकारी ने एसडीएम आत्रेय मिश्र को निर्देश दिया कि नदी किनारे जितने घर हैं, तुरंत खाली करा दिया जाए। सभी लोगों को गोपालनगर प्राथमिक पाठशाला पर बने बाढ़ शरणालय पर शिफ्ट कर दिया जाए। इस बात का ख्याल रहे कि वहां उनके लिए पूरी व्यवस्था सुदृढ़ हो।



उन्होंने चौकी प्रभारी गोपालनगर को निर्देश दिया कि राहत केंद्र पर सुरक्षा के प्रति हमेशा अलर्ट रहें।

जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अभियंता को निर्देश दिया कि 24 घंटे इस क्षेत्र में निगरानी रखी जाए। किसी भी हालत में कोई भी आबादी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। तटवर्ती लोगों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट तो किया ही जाए, लेकिन उनके घरों को कटान से बचाने के लिए भी प्रभावी बचाव कार्य जारी रहे। पूरा प्रयास हो कि कटान की जद में कोई भी घर ना आए। उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत कर शीघ्र बाढ़ शरणालय में शिफ्ट हो जाने को अपील की। लोगों को छोटे बच्चों के प्रति भी विशेष रूप से सजग रहने की बात कही।

## मत्स्य विकास योजनाओं का हो व्यापक प्रचार

**बलिया।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सोमवार को विकास भवन सभागार में हुई। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में योजना के तहत संचालित परियोजनाओं के लाभार्थियों के चयन व जिले की वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन पर चर्चा हुई। मत्स्य विभाग की समस्त योजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि मछली पालन के क्षेत्र के रोजगार की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत मत्स्य विकास के जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो, ताकि पात्र व इच्छुक व्यक्ति इसका लाभ ले सकें।



# चौथी सोमवारी पर महाहारधाम में शिवभक्तों की उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सावन मास के चौथे सोमवार को शिवभक्तों की आस्था अटूट संगम महाहर धाम में देखते बन रहा था। देवाधिदेव महादेव को जलाभिषेक एवं दर्शन -पूजन के लिए कांवरियों की यात्रा गाजीपुर शहर स्थित गंगा घाट से गंगाजल भरकर? शनिवार व रविवार की रात से शुरू हुई, जो सोमवार को पूरे दिन चलकर सायंकाल महाहरधाम पहुंचे। वहां पहुंचने के लिए शिवभक्तों ने पैदल, साइकिल, बाइक, चार पहिया, दंडवत पहुंच शिवालय में जलाभिषेक कर लगातार आगे बढ़ रहे थे। पैर में पड़े छाले व जख्म के साथ दर्द भी आस्था पर कोई असर नहीं डाल पाया। कठिन यात्रा भक्त एक दिन में ही पूरी करते हैं। महाहरधाम में जलाभिषेक करने के लिए कोसों लंबी यात्रा के दौरान भोलेभक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह स्टाल भी लगाए गए थे।

महाहरधाम पहुंचे ग्रामीण अंचल व शहर क्षेत्र के भक्तों ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से यात्रा कर रहे हैं। पुरुषार्थ के चार धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति की कामना के साथ हर वर्ष लाखों भक्त महाहर धाम यात्रा करते हैं। महाहर धाम शिव मंदिर सहित सभी क्षेत्र के अन्य शिवालयों पर आधी रात से ही शिवभक्तों की कतारें लग गई थी। दूसरी तरफ महाहर धाम यात्रा पर निकले युवा शिवभक्तों के जयकारों से क्षेत्र का कण-कण भक्तिभाव में डूबा रहा। लहुरी काशी में हर ओर हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। शिवालयों के कपाट रात के तीसरे पहर से खुलने के बाद दर्शन करने वालों की कतार बढ़ गई थी। महाहर धाम सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मंदिरों में भोले के भक्तों की कतार देर शाम तक लगी रही।

पौराणिक मान्यता है कि कभी अपने नेत्रहीन माता-पिता को कंधे पर लेकर तीर्थ कराने जा रहे बालक श्रवण की जान राजा दशरथ के शब्दभेदी बाण से यहीं चली गई थी। त्रेता में अपने को दोषमुक्त कराने के उद्देश्य से यहां पर शिव मन्दिर का भव्य निर्माण कराया गया था। चौथे सोमवार को लगभग दस हजार शिवभक्तों ने महाहर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर दर्शन पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सदर तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा, डॉ. राजीव गोड़, प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, सहित भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।




## ठेकेदार द्वारा दोयम दर्जे की ईंट का प्रयोग करने पर भड़कीं डीएम

# डीएम ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज करने का जारी किया फरमान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





डीएम आर्यका अखौरी ने विकास खंड सादात अन्तर्गत निमार्णाधीन वृहद्व गो-संरक्षण केंद्र पिपनार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी एवं ठेकेदार द्वारा दोयम दर्जे का ईंट प्रयोग किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को ठेकेदार के विरूद्व तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रांतीय खंड पीडब्लूडी के अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंश के लिए शेडों का निर्माण, नाली खड़ंजा, विद्युत वायरिंग, रंगाई पोताई, भूसा स्टोर, गोवंश के पीने के पानी के लिए टैक आदि का निर्माण, वृहद्व गो-आश्रय स्थल की संपूर्ण भूमि के किनारे-किनारे वायर फैन्सिंग के कार्य, शेडों के बीच मिट्टी भराई व समतलीयकरण के कार्यो की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, मुख्य` पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सादात एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**डीएम और एसपी ने किया जिला जेल का स्थलीय निरीक्षण : डीएम** अर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जिला जेल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने जिला कारागार में कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के संचालन व्यवस्था की जॉच की। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अंदर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न होने पाए। इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाया जाए। इसके अतिरिक्त महिला बंदीगृह में दी जा रही सुविधाओं के बावत जानकारी ली।

## उचक्कों ने महिला के गले से उड़ाया मंगलसूत्र

**गाजीपुर।** मरदह मंदिर परिसर क्षेत्र में सारी सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोर उचक्कों ने महिला के गले से सोने का कीमती आभूषण को उड़ाया। मालूम हो कि संगीता जायसवाल 32 वर्ष पुत्री मुटुक जायसवाल निवासी मरदह जो अपने ससुराल चिरैयाकोट मऊ महाहर धाम दर्शन पूजन करने हेतु सोमवार की सुबह दस बजे पहुंची थी शिव मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद बगल स्थित तीन सौ मीटर की दूरी पर भैरोबाबा मंदिर में दर्शन पूजन करने गयी थी जिस दौरान चोर उचक्को ने उसके गले से सोने का मंगलसूत्र जिसकी कीमत लगभग 55 हजार के करीब बताई गई उसको उड़ा दिया।

जब इसकी खबर संगीता जायसवाल को लगी तब तक देर हो चुकी चोरी की घटना के बाद वह गश खाकर गिर गई पास की महिलाओं ने उसे किसी तरह संभाला जिससे बाद वह शिव मंदिर पहुंच कर घटना की जानकारी मौजूद पुलिसकर्मियों को दी और रोते बिलखते हुए अपने घर को चली गई।इस घटना को लेकर मंदिर परिसर में काफी कौतूहल का विषय बना रहा। सूत्रों की मानें तो भैरोबाबा मंदिर परिसर या प्रांगण में मौके पर कोई पुलिस कर्मी नही था,ना ही महिला पुलिस,या मेला प्रभारी जबकि बकाएदें रात व दिन में वहां ड्यूटी लगाई जा रही है।




# विद्युत विभाग की टीम ने कई गांवों में चेकिंग अभियान चलाया, मचा हडकंप

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



रेवतीपुर ब्लाक के विभिन्न गावों में सोमवार को बिजली विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की। आला अफसरों के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसडीओ प्रवीन मौर्य की मौजूदगी में टीम ने कई गांवों में चेकिंग की। इस बीच उपभोक्ताओं में हडकंम्प मचा रहा। अभियान के तहत टीम ने छह के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया है। साथ ही बीस उपभोक्ताओं से एक लाख बीस हजार विद्युत बिल का बकाया राजस्व वसूला गया। टीम ने बारह बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने (बिच्छेदन) करने के अलावा तीन नए कनेक्शन भी लगाए। जबकि बारह उपभोक्ताओं के यहाँ नया मीटर लगाने के साथ ही उनका विद्युत भार में बढ़ोत्तरी की गई। महकमें के इस सख्त रवैए के कारण उपभोक्ता पूरी तरह से बेचैन नजर आए। लोगों ने कार्रवाई से बचने के लिए लाख जतन किए। मगर अधिकारियों के तल्ख तेवरों के आगे उनकी एक न चली।

एसडीओ प्रवीन मौर्य ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेवतीपुर उपखंड के तहत आने वाले सुहवल, ताडीघाट, पटकनियां, युवराजपुर आदि गावों में चोरी में लिप्त व बकाएदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसडीओ ने बताया कि महकमा ऐसे लोगों की सूची बना रहा है। जिन्होंने काफी दिनों से बिल का भुगतान नहीं किया है। विद्युत चोरी किसी कीमत पर अब नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए मातहतों को सख्त निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने लोगों से कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करने का आह्वान किया। साथ ही बकाए बिल का समय से भुगतान करने के साथ देश हित में बिजली की बेवजह खपत से बचने की अपील की।

इस दौरान अवर अभियंता आशीष कुमार यादव, जेएमटी सलीम, पवन सिंह, बाबू खान, शहजाद, सद्दाम, गोविन्द कुमार, अश्वनी, संजय, महादेव आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

**पीडीडीयू नगर।** सोमवार को पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माह जुलाई – 2023 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता रहे। आज डीडीयू मंडल के कुल 46 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल 20,87,33,451 रुपए का समापक भुगतान किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के स्वास्थ्य एवं समृद्ध जीवन की कामना की। रेल प्रशासन के भविष्य में सेवानिवृत कर्मियों की सेवा में तत्पर रहने की बात कही गई। सभी को मंडल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी।

## जिले के अधिवक्ताओं का विरोध-प्रदर्शन व आंदोलन अब और तल्ख


# सांसद व जनप्रतिनिधियों के लिए किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं का विरोध-प्रदर्शन व आंदोलन और तल्ख नजर आया। इस दौरान नाराज अधिवक्ताओं ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व सांसद चंदौली डा.महेंद्रनाथ पांडेय के साथ ही जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों की बुद्धि-शुद्धि के यज्ञ किया। कहा कि इसके बाद भी चंदौली के राजनेताओं की बुद्धि की शुद्धि नहीं हुई और वे जिला न्यायालय व मुख्यालय निर्माण के पक्ष में सहयोग करने की भूमिका में नहीं आए तो इन्हें मृतप्राय मानकर हम सभी अधिवक्ता इन सभी की शवयात्रा निकालेंगे और लगातार 10 दिनों तक प्रतीकात्मक रूप से इनका शवदाह करने अपने आक्रोश का प्रदर्शन कर विरोध जताने का काम करेंगे।

इस दौरान आंदोलन के नेतृत्वकर्ता झन्मेजय सिंह ने कहा कि शवदाह के बाद 10 दिन पर दसवां का कार्यक्रम होगा। जनप्रतिनिधि नहीं माने तो श्राद्ध व पिंडदान जैसे कार्यक्रम भी होंगे। यहां तक की पदयात्रा कर दिल्ली में प्रधानमंत्री से गुहार लगाई जाएगी। बावजूद इसके चंदौली की उपेक्षा हुई तो वाराणसी में पीएम के चुनाव का विरोध होगा। कहा कि जिला न्यायालय निर्माण को लेकर अब किसी भी तरह के आश्वासन से अधिवक्ता मानने वाले नहीं है। जब तक जिला न्यायालय निर्माण के साथ-साथ मुख्यालय पर सरकारी दफ्तरों के निर्माण की आधारशीला नहीं रख जाती, तब तक अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि फरियाद व गुहार लगाते-लगाते अधिवक्ता थक चुके हैं, लेकिन अब बातें कहने का वक्त बीत चुका है। अब अधिवक्ता अपनी दहाड़ से अपनी बातों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। न्यायालय व मुख्यालय का निर्माण चंदौलीवासियों का हक है जिसे दिखाने में अधिवक्ता अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेगा। इस अवसर पर मुरलीधर सिंह, अनिल कुमार सिंह, चन्द्रभान सिंह, दुर्गेश पांडेय, सत्य प्रकाश केशरी आदि मौजूद रहे। संचालन राकेश रत्न तिवारी ने किया।



## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त प्रस्तावों में से 35 प्रस्तावों पर उत्पादन कार्य प्रारंभ

# 342 करोड़ की पूंजी निवेश के साथ 2406 लोगों को रोजगार मिलने की जगी आस

केटी न्यूज/मऊ

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त प्रस्तावों में से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी हेतु कुल 35 प्रस्तावों पर उत्पादन कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसके माध्यम से 342 करोड़ के पूंजी निवेश तथा 2406 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के निर्धारित लक्ष्य 55 के सापेक्ष कुल 79 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं, जिनमें से 40 आवेदन पत्रों पर स्वीकृति तथा 28 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण की कार्रवाई विभिन्न बैंकों द्वारा की गई है।इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के निर्धारित लक्ष्य 79 के सापेक्ष 37 आवेदन बैंकों को प्रेषित है।



मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवम् एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण मार्जिन मनी योजना के तहत कम आवेदन प्राप्त होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने इन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने तथा समस्या की जानकारी लेते हुए समाधान कर इन योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को आच्छादित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि हस्तशिल्प विपणन योजना एवं मुख्यमंत्री विशिष्ट हस्तशिल्प पेंशन योजना के तहत कोई भी लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अभी तक प्राप्त नहीं है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 775 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा के नाला एवं पानी निकासी की संबंध में समीक्षा के दौरान कार्यदाई संस्था जल निगम नगरीय को मुख्य विकास अधिकारी ने यथाशीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### ताजोपुर में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या को करें दूर

औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या उठाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर ट्रिपिंग की समस्या दूर करने को कहा। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर का नगर पालिका परिषद मऊ की सीमा में स्थानांतरण की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक को कार्य पूरा होने पर यथाशीघ्र स्थानांतरण की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनएच29 पर बढ़ूवा गोदाम औद्योगिक क्षेत्र के दक्षिण पश्चिम की तरफ साइफन बनाने के कारण जलभराव की समस्या के द्दष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी ने रास्ते में पड़ने वाले पेट्रोल पंप को नोटिस देने की कार्रवाई की जानकारी लेते हुए समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने दीप जलाकर ली सेवा की शपथ

**मऊ।** रविवार को शारदा नारायण इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज गड़वा पहसा में लैंप लाइटिंग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग के सभी विद्यार्थियों ने दीप जलाकर सेवा की शपथ ली। संस्थान निदेशक डॉ. एकिका सिंह ने कहा कि अच्छाई चाहे जहां से मिले उसे अपनाना चाहिए। उन अच्छाइयों को अपने अनुरूप आत्मसात करते हुए उसे समाज के लिए उपयोगी बनाना ही नर्सिंग शिक्षा की पूर्णता है। हर विद्यार्थी अपनी से अपने परिवार, समाज और संस्थान का नाम रोशन कर सकता है। इस दौरान डा रुपेश सिंह, समाजसेवी पूजा राय, सुनील सिंह, अजीत सिंह, अरविंद कुशवाहा, प्रशांत रत्नम सिंह, प्रतीक जायसवाल, शिव कुमार सिंह, मंजू ने सबको शपथ दिलाई।

## 32 अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों का काटा गया एक दिन का वेतन, शोकॉज जारी

केटी न्यूज/मऊ

डीएम अरुण कुमार के आदेश पर एडीएम भानु प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण प्रातः 10:15 बजे किया। जिसमें 32 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

इस दौरान श्रम प्रवर्तन कार्यालय से सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी लईक अहमद, वरिष्ठ सहायक ओम प्रकाश, पीसीसी नरेंद्र लाल, लेखाकार विशाल, पीसीसी जयप्रकाश भारती, कंप्यूटर ऑपरेटर ओम प्रकाश भारती, ओम प्रकाश यादव, लालजी सरोज, चकबंदी कार्यालय से पीके अवधेश सिंह, सीसी संतोष कुमार, आरके रामकरन राम, लेखा लिपिक निशांत सिंह यादव, जीपीएफ किशन सिंह, कनिष्ठ सहायक हरिकेश सिंह, अनुसेवक राम जनम, खाद्य सुरक्षा कार्यालय से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती बिंदु पांडे, दिनेश कुमार राय, सत्य राम यादव, एफएसओ अजीत कुमार त्रिपाठी, समाज कल्याण कार्यालय से उर्दू



अनुवादक वरिष्ठ सहायक नसीम अख्तर, सहायक कनिष्ठ आशीष राय, जिला प्रोबेशन कार्यालय से कनिष्ठ सहायक विमल चंद, चतुर्थ श्रेणी लालमणि, जिला खाद्य विपणन कार्यालय से मार्केटिंग इंस्पेक्टर कृष्ण मोहन मणि, जिला पूर्ति कार्यालय से कनिष्ठ सहायक सत्य प्रकाश, संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट से लेखपाल आशुतोष, हरिकेश आजाद, एजेए. धर्मवीर सिंह, रीडर अनुराधा श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित करते हुए सभी को शोकॉज किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**मऊ।** रतनपुरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन 100 मीटर की दूरी पर एक 18 वर्षीया किशोरी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतका ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती थी। सोमवार को दिन में लगभग 12:00 अप साबरमती एक्सप्रेस जो छपरा से सूरत को जा रही थी ,जैसे ही ट्रेन रतनपुरा रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूर पश्चिम गई थी कि किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई और कुछ दूर घिसटती गिरी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। मौके पर स्थानीय पुलिस व रेलवे पुलिस दोनों ही सूचना पर पहुंचे। हलधरपुर पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतका कुमारी आंचल कोपागंज थाना अंतर्गत कुर्थी जाफरपुर निवासी सत्य प्रकाश सिंह की बेटी थी।











